बिहार स्टेट फूड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन लि0
खाद्य भवन, दारोगा प्रसाद राय पथ, आर0ब्लॉक रोड नं0-2 पटना-01

पत्रांकः-2:05:206:1:2016 पार्ट 2- 3937 परिवहन/पटना, दिनांक- 19.4.18

प्रेषक,

पंकज कुमार,भा0प्र0से0
प्रबंध निदेशक।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी,
बिहार।

विषयः- **नयी परिवहन नीति 2018 के आलोक में निर्धारित आवश्यकता और कार्यरत परिवहन अभिकर्त्ता से उत्पन्न रिक्ति के विरूद्ध परिवहन अभिकर्त्ता (मुख्य एवं डोर स्टेप डिलेवरी) की नियुक्त करने के संबंध में।**

प्रसंगः- **निगम मुख्यालय का पत्रांक 2175 दिनांक 04.03.17, पत्रांक 3253 दिनांक 06.04.17, पत्रांक 8478 दिनांक 23.08.17, पत्रांक 11856 दिनांक 22.11.17 एवं पत्रांक 678 दिनांक 19.01.18**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों से आपके जिला हेतु परिवहन-सह-हथालन अभिकर्ता (मुख्य) एवं परिवहन हथालन-सह-आपूर्ति अभिकर्ता (डी0एस0डी0) के लिए निर्धारित आवश्यकता, उसके विरूद्ध कार्यरत एवं रिक्ति की जिलावार सूची संलग्न करते हुए अनुरोध किया गया था कि रिक्ति के विरूद्ध परिवहन अभिकर्त्ताओं की नियुक्ति की प्रकिया **एक माह के अन्दर हर हाल में पूरी कर ली जाय** ताकि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं अन्य योजनाओं के अन्तर्गत आवंटित खाद्यान्न का नियमानुसार निर्धारित समय-सीमा के अन्तर्गत उठाव एवं वितरण सुनिश्चित किया जा सके और खाद्यान्नों को व्यपगत होने से बचाया जा सके।

अद्यतन समीक्षा के कम में पाया गया है कि कई जिलों में मुख्य परिवहन अभिकर्त्ता की रिक्तियॉं रहने के वाबजूद निविदा नहीं निर्गत की जा रही है- यथा गया जहाँ 3 की आवश्यकता के विरूद्ध मात्र-1 परिवहन अभिकर्त्ता कार्यरत हैं एवं 2 रिक्त है। इसी प्रकार मुजफ्फरपुर जिले में-2, पूर्णियाँ में-2, पूर्वी चम्पारण में-2, समस्तीपुर में-1, पश्चिम चम्पारण में-1, अररिया में-1, सारण में-1, खगड़िया में-1, भोजपुर में-1 रिक्तियाँ हैं।

डोर स्टेप डिलेवरी अभिकर्त्ता की रिक्तियाँ रहने के बावजूद निविदा नहीं निर्गत की जा रही है- यथा भागलपुर-2, मधुबनी-4, मुजफ्फरपुर-5, मुंगेर-2, समस्तीपुर-4, कटिहार-3, खगड़िया-3, किशनगंज-3, पश्चिम चम्पारण-4, पूर्वी चम्पारण-4, अररिया-6 रिक्तियाँ हैं। परिवहन अभिकर्त्ता की कमी के कारण खाद्यान्न को रैक से भेजने एवं FCI से उठाव में बिलंब होने के कारण खाद्यान्न का प्रेषण/वितरण में बिलंब हो रहा है।

कटिहार एवं खगड़िया जिला में मात्र एक परिवहन अभिकर्त्ता रहने के कारण सांठ-गांठ कर बड़ी मात्रा में खाद्यान्न का गबन हुआ है। उल्लेखनीय है कि परिवहन अभिकर्त्ताओं की कमी के कारण खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण में विलम्ब के कारण फूड कैलेण्डर लागू होने में कठिनाई होती है एवं कई जिलों में खाद्यान्न आगामी महीने में भेजा जाता है जो वांछनीय नहीं है। कई जिलों में निविदा का निष्पादन छः माह से लंबित है।

इस संबंध में अनुरोध है कि **नयी परिवहन नीति 2018** के आलोक में रिक्ति के विरूद्ध परिवहन अभीकर्त्ताओं की नियुक्ति की प्रकिया शीघ्र पूरी कर ली जाय ताकि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं अन्य योजनाओं के अन्तर्गत आवंटित खाद्यान्न का नियमानुसार निर्धारित समय-सीमा के अन्तर्गत उठाव एवं वितरण सुनिश्चित किया जा सके और खाद्यान्नों को व्यपगत एवं सांठ-गांठ कर गबन होने से बचाया जा सके।

विश्वासभाजन

18/4/2018

(पंकज कुमार)
प्रबंध निदेशक।

अनु0-परिवहन अभिकर्ता की रिक्ति की सूची।

जिलों में कार्यरत परिवहन अभिकर्त्ता संबंधित अद्यतन स्थिति दिनांक 16.04.2018

Sr. No	District Name	Main			DSD		
		Requirements of Transporting Agent	Currently Working	Vaccant	Requirements of Transporting Agent	Currently Working	Vaccant
1	Araria	2	1	1	7	1	6
2	Arwal	1	1	0	1	1	0
3	Aurangabad	3	3	0	5	3	2
4	Banka	2	2	0	4	0	4
5	Begusarai	2	3	0	7	5	2
6	Bhagalpur	2	3	0	6	4	2
7	Bhojpur	3	2	1	5	5	0
8	Buxar	2	2	0	2	3	0
9	Darbhanga	3	4	0	9	9	0
10	Gaya	3	1	2	8	7	1
11	Gopalganj	2	2	0	5	4	1
12	Jamui	1	1	0	4	3	1
13	Jehanabad	1	1	0	2	2	0
14	Kaimur (Bhabua)	2	5	0	3	8	0
15	Katihar	2	1	1	7	4	3
16	Khagaria	2	1	1	4	1	3
17	Kishanganj	1	1	0	4	1	3
18	Lakhisarai	1	1	0	2	1	1
19	Madhepura	2	1	1	5	5	0
20	Madhubani	4	4	0	10	6	4
21	Munger	1	1	0	3	1	2
22	Muzaffarpur	4	2	2	10	5	5
23	Nalanda	3	5	0	6	9	0
24	Nawada	2	2	0	4	3	1
25	Pashchim/West Champaran	4	2	1	8	4	4
26	Patna	3	4	0	7	5	2
27	Purba/East Champaran	5	3	2	11	7	4
28	Purnia	3	1	2	7	4	3
29	Rohtas	4	4	0	5	2	2
30	Saharsa	2	2	0	4	2	2
31	Samastipur	3	2	1	10	6	4
32	Saran	3	2	1	7	6	1
33	Sheikhpura	1	1	0	1	2	0
34	Sheohar	1	2	0	2	2	0
35	Sitamarhi	3	3	0	8	6	2
36	Siwan	2	2	0	6	6	0
37	Supaul	2	2	0	5	3	2
38	Vaishali	2	2	0	8	6	2
Total		**89**	**82**	**16**	**212**	**152**	**69**